# विद्यावारिधि (Ph.D.) प्रवेश प्रक्रियासम्बद्ध अधिसूचना

शकसं. १९४६, बै. कृ. अमावस्या, 08 मई 2024

आगामी शैक्षिक सत्र 2024-25 में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली में विद्यावारिधि (Ph.D.) में प्रवेश के सम्बन्ध में ध्यातव्य है कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा दिनांक 28 मार्च 2024को प्रकाशित सूचना के अनुरूप केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के विभिन्न परिसरों, सम्बद्ध शोध एवं शैक्षिक संस्थानों में विद्यावारिधि (Ph.D.) में प्रवेशार्थ NTA द्वारा आयोजित होने वाली UGC-NET परीक्षा में प्राप्त परिणाम को आधार माना जाएगा।



इस सम्बन्ध में प्रवेशार्थियों के लिए अधोलिखित बिन्दु ध्यातव्य हैं –

- समस्त शोधकार्य विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृत शोधनीति के अनुरूप निर्धारित होंगे। एतदर्थ अभ्यर्थी दिनांक 27.07.2022 को प्रकाशित शोधनीति का अवलोकन अवश्य कर लें।
  शोधनीति –https://sanskrit.nic.in/uploads/2022_08_24_Research_Policy_Document.pdf
- विज्ञान-तकनीकी आदि आधुनिक विषयों, सामाजिक विषयों एवं आधुनिक भारतीय भाषाओं पर शोधकार्यों की स्वीकृति **भारतीय ज्ञान प्रणाली के सन्दर्भ में ही** होगी। अभ्यर्थी को भारतीय ज्ञान प्रणालियों/परम्पराओं, प्राचीन भारतीय कलाओं, संस्कृत विद्याओं आदि में शोधकार्य करने की अनुमति होगी, यथा संस्कृत भाषाविज्ञान, संस्कृत संगणक विज्ञान, आधुनिक भारतीय भाषाएं आदि।
- आधुनिक विषयों के शोधार्थियों की संस्कृत भाषा एवं विषय में सामान्य ज्ञान एवं अभिरुचि अपेक्षित है।
- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अधिनियम 2022 तथा तदनुरूप विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित विद्यावारिधि मार्गदर्शिका के अनुपालन में विद्यावारिधि पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु NTA द्वारा आयोजित होने वाली UGC-NET परीक्षा में प्राप्त परिणाम को 70% एवं साक्षात्कार में प्राप्त परिणाम को 30% अङ्कभार दिया जाएगा।
- साक्षात्कार में सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों को न्यूनतम अङ्क 50% प्राप्त करना अनिवार्य होगा। आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए 45% न्यूनतम अङ्क प्राप्त करना अनिवार्य होगा

कृपया ध्यातव्य है कि केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के विभिन्न विद्यास्थानों एवं विद्याशाखाओं में विद्यावारिधि (Ph.D.) में प्रवेश हेतु UGC-NET के विभिन्न प्रश्नपत्रों का निर्धारण इस प्रकार किया गया है-

| क्र. | विद्यास्थान | विद्याशाखा | UGC-NET प्रश्नपत्र (कोड) |
|---|---|---|---|
| 1. | वेद-वेदांग एवं वैदिक विज्ञान विद्यास्थान | ▪ व्याकरण<br>▪ ज्योतिष<br>▪ वेद/पौरोहित्य/कर्मकाण्ड<br>▪ वेदाङ्ग एवं वेदभाष्य<br>▪ वैदिक विज्ञान | ▪ संस्कृत पारम्परिक विषय (73)<br>▪ संस्कृत (25)<br>▪ भारतीय ज्ञान प्रणाली (103)<br>▪ हिन्दू अध्ययन (102)<br>(उपर्युक्त में से कोई एक विषय) |
| 2. | शिक्षाविद्यास्थान | ▪ शिक्षाशास्त्र | ▪ शिक्षाशास्त्र (09) |
| 3. | भाषा, साहित्य और संस्कृति विद्यास्थान | ▪ संस्कृत साहित्य<br>▪ पुराणेतिहास | ▪ संस्कृत पारम्परिक विषय (73)<br>▪ संस्कृत (25)<br>▪ हिन्दू अध्ययन (102)<br>▪ भारतीय ज्ञान प्रणाली (103)<br>(उपर्युक्त में से कोई एक विषय) |
| | | ▪ अंग्रेज़ी | ▪ English (30) |
| | | ▪ हिन्दी | ▪ हिन्दी (20) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | ▪ नाट्यशास्त्र | ▪ संस्कृत पारम्परिक विषय (73)<br>▪ संस्कृत (25)<br>▪ Performing Art - Dance/Drama/Theatre (65)<br>▪ भारतीय ज्ञान प्रणाली (103)<br>(उपर्युक्त में से कोई एक विषय) |
| | | ▪ प्राकृत | ▪ प्राकृत (91) |
| 4. | शास्त्रीय ज्ञान प्रणाली विद्यास्थान | ▪ धर्मशास्त्र | ▪ संस्कृत पारम्परिक विषय (73)<br>▪ संस्कृत (25)<br>▪ Comparative Study of Religions (62)<br>▪ Hindu Studies (102)<br>▪ भारतीय ज्ञान प्रणाली (103)<br>(उपर्युक्त में से कोई एक विषय) |
| | | ▪ पाण्डुलिपि विज्ञान और पुरालेख | ▪ संस्कृत पारम्परिक विषय (73)<br>▪ संस्कृत (25)<br>▪ भारतीय ज्ञान प्रणाली (103)<br>(उपर्युक्त में से कोई एक विषय) |
| 5. | दर्शन विद्यास्थान | ▪ बौद्ध दर्शन | ▪ संस्कृत पारम्परिक विषय (73)<br>▪ संस्कृत (25)<br>▪ Buddhist, Jaina, Gandhian and Peace Studies (60)<br>▪ पालि (83)<br>▪ भारतीय ज्ञान प्रणाली (103)<br>(उपर्युक्त में से कोई एक विषय) |
| | | ▪ जैन दर्शन | ▪ संस्कृत पारम्परिक विषय (73)<br>▪ संस्कृत (25)<br>▪ Buddhist, Jaina, Gandhian and Peace Studies (60)<br>▪ प्राकृत (91)<br>▪ भारतीय ज्ञान प्रणाली (103)<br>(उपर्युक्त में से कोई एक विषय) |
| | | ▪ पालि | ▪ पालि (83) |
| | | ▪ अद्वैत वेदान्त<br>▪ मीमांसा<br>▪ न्याय<br>▪ सांख्य दर्शन<br>▪ सांख्य-योग<br>▪ सर्वदर्शन | ▪ संस्कृत पारम्परिक विषय (73)<br>▪ संस्कृत (25)<br>▪ दर्शन (03)<br>▪ भारतीय ज्ञान प्रणाली (103)<br>(उपर्युक्त में से कोई एक विषय) |
| 6. | समसामयिक ज्ञान प्रणाली एवं मानविकी विद्यास्थान | ▪ राजनीति शास्त्र | ▪ राजनीति शास्त्र (02) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7. | बहुविषयक विज्ञान और प्रौद्योगिकी विद्यास्थान | ▪ संगणक विज्ञान और प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण<br>▪ संस्कृत-संगणक भाषाविज्ञान | ▪ Computer Science and Applications (87)<br>▪ संस्कृत पारम्परिक विषय (73)<br>▪ संस्कृत (25) |
| 8. | यौगिक विज्ञान एवं समग्र स्वास्थ्य पद्धति विद्यास्थान | ▪ यौगिक विज्ञान एवं अध्यात्म<br>▪ आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सा | ▪ योग (100)<br>▪ भारतीय ज्ञान प्रणाली (103)<br>(उपर्युक्त में से कोई एक विषय) |



इस सम्बन्ध में अधोलिखित अभिलेखों का समुचित अवलोकन आवश्यक है –

- UGC द्वारा प्रकाशित सूचनाएं (दिनांक 27 मार्च 2024 एवं 28 मार्च 2024)
  https://www.ugc.gov.in/pdfnews/6669193_Letter-NET-for-Admission-to-PhD.pdf
- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अधिनियम 2022
  https://www.ugc.gov.in/pdfnews/0909572_Minimum-Standards-and-Procedure-for-Award-of-PhD-Degree.pdf
- विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित विद्यावारिधि मार्गदर्शिका (29 दिसम्बर, 2022)
  https://www.sanskrit.nic.in/uploads/2022_12_29_Guidelines_for_Vidyavaridhi_Programme.pdf
- NTA द्वारा प्रकाशित अधिसूचना
  https://ugcnet.nta.ac.in/images/information-bulletin-for-ugc-net-june-2024.pdf
- आवेदन करने के लिए लिंक
  https://ugcnet.nta.ac.in/

अद्यतन जानकारी के लिए अभ्यर्थी NTA एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट का अवलोकन करते रहें। अन्य किसी जानकारी के लिए सम्पर्क करें – et2024@csu.co.in

**प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी**
**अधिष्ठाता (शोध)**